भारत सरकार
रसायन और उर्वरक मंत्रालय
औषध विभाग

राज्य सभा
तारांकित प्रश्न संख्या *92
दिनांक 28 जुलाई, 2026 को उत्तर दिए जाने के लिए

सक्रिय फार्मास्युटिकल अवयवों का आयात

***92. श्री रणदीप सिंह सुरजेवालाः**

क्या **रसायन और उर्वरक** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) वर्ष 2025-26 तक पिछले तीन वर्षों के दौरान चीन से आयातित सक्रिय फार्मास्युटिकल अवयवों (एपीआई), थोक औषधियों (बल्क ड्रग्स) और औषधि मध्यवर्ती (ड्रग इंटरमीडिएट्स) के आयात मूल्य का श्रेणी-वार और वर्ष-वार ब्यौरा क्या है;

(ख) एपीआई की वे कौन सी प्रमुख श्रेणियाँ हैं जिनके लिए भारत चीन से आयात पर निर्भर है, तत्संबंधी घरेलू उत्पादन, आयात और निर्भरता के प्रतिशत का श्रेणी-वार ब्यौरा क्या है; और

(ग) क्या सरकार ने महत्वपूर्ण एपीआई और थोक औषधियों के लिए चीन पर निरंतर निर्भर बने रहने से पेश आए रणनीतिक जोखिमों के संबंध में कोई आकलन किया है, यदि हाँ, तो तत्संबंधी ब्यौरा और निष्कर्ष क्या हैं?

उत्तर

रसायन और उर्वरक मंत्री (श्री जगत प्रकाश नड्डा)

(क) से (ग) : विवरण सभा पटल पर रख दिया गया है।

"सक्रिय फार्मास्युटिकल अवयवो का आयात" के संबंध में श्री रणदीप सिंह सुरजेवाला द्वारा पूछे जाने वाले दिनांक 28.7.2026 के राज्यसभा तारांकित प्रश्न संख्या *92 (द्वितीय स्थान) के उत्तर में उल्लिखित विवरण

(क): पिछले तीन वर्षों के दौरान भारत द्वारा चीन से आयात किए गए सक्रिय औषधीय घटकों (एपीआई)/बल्क औषधियों/ औषधि मध्यवर्ती सामग्रियों का विवरण निम्नानुसार है:

वित्त वर्ष 2023-24 मात्रा (मीट्रिक टन)	वित्त वर्ष 2023-24 मूल्य (₹ करोड़ में)	वित्त वर्ष 2024-25 मात्रा (मीट्रिक टन)	वित्त वर्ष 2024-25 मूल्य (₹ करोड़ में)	वित्त वर्ष 2025-26 मात्रा (मीट्रिक टन)	वित्त वर्ष 2025-26 मूल्य (₹ करोड़ में)
3,44,153	27,055	3,93,453	29,064	4,18,445	29,035

(स्रोत: बल्क औषधियों और औषधि मध्यवर्ती सामग्रियों के संबंध में एचएस कोड पर डीजीसीआई एंड एस के आंकड़े)

(ख): एंटीबायोटिक्स, एंटी-फंगल, एंटी-अमीबिक, गैस्ट्रोइंटेस्टाइनल विकार, एंटीडायबिटिक, हार्मोनल विकार, हृदयवाहिका रोग, ऑन्कोलॉजी और न्यूरोलॉजिकल विकार सहित चिकित्सीय खण्डों के आयात के लिए भारत चीन पर निर्भर है। आयात का श्रेणीवार विवरण और चीन पर निर्भरता का प्रतिशत अनुलग्नक-I में दिया गया है। एपीआई के कुल घरेलू उत्पादन से संबंधित आंकड़े विभाग द्वारा नहीं रखे जाते हैं।

(ग): सरकार ने वर्ष 2020 में औषधि सुरक्षा पर एक समिति का गठन किया था, जिसका उद्देश्य एकल स्रोत निर्भरता के कारण महत्वपूर्ण एपीआई (जिनका उपयोग ऐसी महत्वपूर्ण औषधियों के निर्माण के लिए किया जाता है जिनके विकल्प उपलब्ध नहीं हैं) के आपूर्ति में होने वाले व्यवधान जोखिम को कम करने के लिए एपीआई आयात पर निर्भरता के मुद्दे का विश्लेषण करना था। इस समिति में संबंधित विभागों, विशेषज्ञ एजेंसियों और उद्योग के प्रतिनिधि शामिल थे और इस समिति ने महत्वपूर्ण अणुओं की सूची का व्यवस्थित मूल्यांकन किया और एकल स्रोत निर्भरता वाले 41 अणुओं को महत्वपूर्ण अणुओं के रूप में अनुशंसित किया। अपने विश्लेषण में, समिति ने उन अणुओं पर प्रकाश डाला, जिनकी घरेलू उत्पादन क्षमता या तो पूरी तरह से न के बराबर थी या सस्ते आयात से होने वाली अत्यधिक मूल्य प्रतिस्पर्धा के कारण उसका अल्प उपयोग हो रहा था। अपनी अनुशंसा प्रस्तुत करते समय समिति ने उन दवाओं पर भी विचार किया जो बुनियादी, जीवन रक्षक और व्यापक रूप से उपयोग की जाने वाली दवाओं जैसे एंटीबायोटिक्स, एचआईवी-रोधी दवाएं, हृदयवाहिका रोग की दवाएं और पैरासिटामोल जैसी एंटीपायरेटिक दवाओं में शामिल होती हैं। 41 अणुओं की सूची अनुलग्नक-II में दी गई है।

अनुलग्नक-I

दिनांक 28.7.2026 के राज्य सभा तारांकित प्रश्न संख्या 92 के भाग (ख) के उत्तर के संबंध में उल्लिखित अनुलग्नक

क्र. सं.	एचएस कोड	विवरण	चिकित्सीय खंड	कुल आयात वित्त वर्ष 2025-26 मूल्य (विश्व से 1 मिलियन डॉलर)	आयात मूल्य (चीन से वित्त वर्ष 2025-26 में 2000 मिलियन डॉलर)	चीन पर आयात निर्भरता %
1	29419090	अन्य एंटीबायोटिक्स	एंटी-इंफेक्टिव	830.82	735.02	88.47
2	29411050	6 – एपीए	एंटी-इन्फेक्टिव्स (एंटीबायोटिक्स - इंटरमीडिएट/केएसएम)	342.82	297.59	86.81
3	29420090	अन्य डिलोक्सानाइड फ्यूरोएट, सिमेटिडाइन, फैमोटिडाइन	(गैस्ट्रोइंटेस्टनल) (जीआई); एंटी-इन्फेक्टिव्स	306.25	224.89	73.43
4	29415000	एर्थ्रोमाइसिन और इसके व्युत्पन्न सोल्ट्स	एंटी-इन्फेक्टिव्स (एंटीबायोटिक्स)	189.82	187.61	98.84
5	29304000	मेथियोनीन	नैदानिक पोषण/अमीनो एसिड	171.29	47.74	27.87
6	29331999	अन्य (2933- नाइट्रोजन हेटरो-एटम के साथ हेट्रोसायक्लिक कंपाउंड	एंटी-इन्फेक्टिव्स (एंटीफंगल); गैस्ट्रोइंटेस्टनल (एसिड सप्रेशन)	155.90	146.94	94.25
7	29411010	पेनिसिलिन और इसके सॉल्ट्स	एंटी-इन्फेक्टिव्स (एंटीबायोटिक्स - केएसएम)	109.17	103.07	94.41
8	29224100	लाइसिन और इसके एस्टर सॉल्ट्स	नैदानिक पोषण/अमीनो एसिड	106.13	99.94	94.17
9	29372900	अन्य स्टेरॉयडल हार्मोन एवं उनके व्युत्पन्न और स्ट्रक्चरल एनालॉग्स	एंडोक्रिनोलॉजी; ऑन्कोलॉजी; महिला स्वास्थ्य	103.98	82.57	79.41
10	29411090	अन्य पेनिसिलिन और उनके व्युत्पन्न	एंटी-इन्फेक्टिव्स (एंटीबायोटिक्स)	91.30	53.38	58.47
11	29332990	एक अनफ्यूज्ड इमिडाज़ोल रिंग युक्त अन्य कंपाउंड	एंटी-इन्फेक्टिव्स (एंटीफंगल); एंडोक्रिनोलॉजी; कार्डियोवैस्कुलर (एंटीकोगुलेंट्स)	83.05	61.73	74.33
12	29391900	अफीम के अन्य एल्कलॉइड और उनके व्युत्पन्न, सॉल्ट्स	केंद्रीय तंत्रिका तंत्र (सीएनएस); व्यसन औषधि/आपातकालीन औषधि	67.61	1.28	1.89
13	29389090	अन्य ग्लाइकोसाइड्स नाइट्राइल/संश्लेषण द्वारा पुन: प्रस्तुत और उनके सॉल्ट्स, ईथर व्युत्पन्न	कार्डियोवैस्कुलर (एंटीकोगुलेंट्स); एंटी-इन्फेक्टिव्स (एंटीबायोटिक इंटरमीडिएट)	64.53	17.59	27.26
14	29262000	डाइसीएन्डिएमाइड	मधुमेह/मेटाबोलिक विकार	56.96	55.48	97.40
15	29372300	ओस्ट्रोजेन्स और प्रोजेस्टोजेन्स	महिला स्वास्थ्य; प्रजनन संबंधी दवाई; ऑन्कोलॉजी	53.68	18.59	34.63

(*स्रोत: डीजीसीआई एंड एस*)

अनुलग्नक-II

दिनांक 28.07.2026 के राज्य सभा तारांकित प्रश्न संख्या 92 के भाग (ग) के उत्तर के संदर्भ में उल्लिखित अनुलग्नक

क्र.सं.	केएसएम / डीआई / एपीआई का नाम
प्रमुख किण्वन आधारित केएसएम / औषधि मध्यवर्ती	
1	पेनिसिलिन जी
2	7-एसीए
3	एरिथ्रोमाइसिन थियोसाइनेट (टीआईओसी)
4	क्लेवुलैनिक एसिड
किण्वन आधारित विशिष्ट केएसएम / औषधि मध्यवर्ती / एपीआई	
5	नियोमाइसिन
6	जेन्टामाइसिन
7	बेटामेथासोन
8	डेक्सामेथासोन
9	प्रेडनिसोलोन
10	रिफैम्पिसिन
11	विटामिन बी-I
12	क्लिंडामाइसिन बेस
13	स्ट्रेप्टोमाइसिन
14	टेट्रासाइक्लिन
प्रमुख रासायनिक संश्लेषण आधारित केएसएम / औषधि मध्यवर्ती	
15	1,1 साइक्लोहेक्सेन डायसेटिक एसिड (सीडीए)
16	2-मिथाइल-5 नाइट्रो-एलमिडाजोल (2-एमएनआई)
17	डाइसीएन्डिएमाइड (डीसीडीए)
18	पैरा एमिनो फीनोल
अन्य रासायनिक संश्लेषण आधारित केएसएम / औषधि मध्यवर्ती / एपीआई	
19	मेरोपेनेम
20	एटोरवास्टैटिन
21	ओल्मेसर्टन
22	वल्सार्टन
23	लोसार्टन
24	लेवोफ्लोक्सासिन
25	सल्फैडियाज़ीन
26	सिप्रोफ्लोक्सासिन
27	ओफ़्लोक्सासिन
28	नॉरफ्लोक्सासीन
29	आर्टेसुनैट
30	टेलमिसार्टन
31	एस्पिरिन
32	डिक्लोफेनाक सोडियम
33	लेवेटी रेसिटम
34	कार्बिडोपा
35	रिटोनावीर
36	लोपिनवीर
37	एसिक्लोविर
38	कार्बामाज़ेपाइन
39	ऑक्सकार्बाज़ेपाइन
40	विटामिन बी-6
41	लेवोडोपा

*****